तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 23 मई 2025

16 गोंड़वाना समाज की महासभा में रेला, हुलकी मांदरी ...



14 नीलामी के बाद भी संग्रहण केंद्र में खराब हो रहा...





## खबर संक्षेप



### वाहन से सगौन की तस्करी उड़न दस्ते ने की कार्रवाई

**बालोद।** वन विभाग मंडल बालोद की उड़नदस्ता दल ने लोहारा माटरी से हितकसा मार्ग पर ग्राम गोटीटोला के पास एक पिकअप से सागौन लकड़ी का 7 गोला जब्त किया। विभागीय जानकारी के अनुसार गाड़ी से अवैध परिवहन होने की सूचना मिलने के बाद मंगलवार को मौके पर दल को भेजकर जब्ती की कार्यवाही की गई। आगे की कार्यवाही जारी है।

### अहिल्याबाई जयंती पर आज सफाई अभियान

**गुरूर।** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की 300 वीं जयंती को लेकर प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला कार्यशाला में जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने पखवाड़े भर की विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की थी। जिसके तहत गुरुर मंडल में 23 मई को देउर मंदिर गुरुर में स्वच्छता अभियान किया जाएगा। स्वच्छता अभियान मे गुरुर मंडल में निवासरत भाजपा मंडल गुरुर के पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता गण जिला पंचायत सदस्य, नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद, जनपद पंचायत सदस्य गण, सरपंच गण, बूथ अध्यक्ष गण, गुरुर मंडल के गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहेंगे।

### पिकअप एवं बाइक में भिड़ंत, युवक घायल

**बालोद।** एचएन 930 पर खरखरा केनाम आमापारा के पास पिकअप की टक्कर से बाईक सवार ग्राम घुमका निवासी शिव कुमार घायल हो गया। बालोद निवासी अभिन्न यादव ने बताया कि 20 मई को बाईक मे शिव कुमार घर के मरम्मत कार्य मे आ रहा था। इस दौरान खरखरा केनाल के पास पीछे से आ रही पिकअप ने टक्कर मार दी। शिव के सिर, घुटना, कमर एवं कंधे मे चोट लगी है। घटना के बाद निजी वाहन से जिला अस्पताल मे भर्ती कराए है। बालोद थाने मे पिकअप चालक के खिलाफ धारा 184, 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### कमजोर रिजल्ट पर संस्था प्रमुखों को नोटिस जारी

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बालोद जिले में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2025 में 50 प्रतिशत या उससे कम परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों के संस्था प्रमुखों को कारण बताओ सूचना जारी किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले ने बताया इन सभी प्राचार्यों को तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि संबंधित संस्थाओं के प्राचार्यों के द्वारा प्रस्तुत किए गए स्पष्टीकरण का जवाब संतोषप्रद नही होने पर संबंधित संस्था प्रमुख के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु उच्च कार्यालय को प्रस्ताव प्रेषित किया जाएगा। मरकले ने बताया कि इसके अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्—ष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय निपानी, राणाखुज्जी एवं अरमरीकला, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खेरथाबाजार, पिनकापार, छेड़िया, खोलझर, डौण्डीलोहारा, गुण्डरदेही, बरबसपुर, बेलमाण्ड, भण्डेरा एवं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौण्डी सहित जिले के कुल 15 स्कूलों के प्राचार्यों को जिनका परीक्षा परिणाम 50 प्रतिशत या उससे कम रहा है उन्हें स्पष्टीकरण जारी कर तीन दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# बेमौसम बारिश से फसल कटाई बाधित और महंगी हुई, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले मे लगातार हो रही बारिश के बीच किसानों की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही है और फसल नुकसान के साथ ही किसानो को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

बीते एक सप्ताह से जिले मे दोपहर के बाद मौसम करवट ले रही है और दोपहर के बाद आंधी तुफान के साथ तेज बारिश देखने को मिल रहा है, जिसके कारण जन जीवन तो प्रभावित हो ही रहा है लेकिन उससे कही ज्यादा वर्तमान मे धान की फसल लगाए किसानो को फसल खराब होने का डर सता रहा है और किसान फसल पकने के बाद भी अपने फसल की कटाई नही कर पा रहे है। जहां एक माह पुर्व किसान अपने फसल बचाने के लिए पानी के लिए तरस रहे थे, जहां पानी की कमी होने के कारण कई किसानो की फसल खराब हो गया, वही एक माह बाद अब फसल पकने के बाद लगातार हो रही बारिश के कारण तथा खेतो मे अधिक पानी भर जाने के कारण किसानो के थोड़ा बहुत बचे हुए फसल भी खराब होने की स्थिति मे नजर आ रहा है, जिसके कारण किसानो मे धान फसल की कटाई व बिक्री के लिए चिंता बनी हुई है। जहां खेतो मे पानी भर जाने व खेत गीले हो जाने के कारण पहिये वाले हार्वेस्टर खेतो मे नही जा सकते जिसके कारण अब किसानो को फसल कटाई के ▸▸| शेष पेज 15 पर

### एक सप्ताह से आंधी बारिश का जिले में प्रकोप



### कटी फसल को रखने में भी परेशानी

अगर किसान चैन वाले हार्वेस्टर के माध्यम से महंगे दाम पर फसल कटाई भी करा ले रही है तो खेत से फसल को लाने के लिए ट्रैक्टर लगाना पड़ रहा है, वही वर्तमान मे हो रही बारिश के कारण ट्रैक्टर खेतो मे फंस रहे है और लगातार हो रही बारिश के कारण किसान फसल कटाई के बाद खेतो मे फसल रखने से डर रहे है। किसान खेतो से फसल काटकर घर तक लाने मे भी सफल रहे तो चौक चौराहो व गली मोहल्लो मे फसल रखने को मजबूर है जहां बेमौसम बारिश मे फसल को बारिश से बचाने के लिए समय पर ढ़कने व मौसम खुलने पर फसल सुखाने के लिए उसे फैलाते नजर आ रहे है जिसके कारण किसानो की समस्या कम होने का नाम नही ले रही है।

## मौसम

**जनरेटर के माध्यम से मोटर पंप को चालू कर पेयजल की समस्या को दूर किया गया**

# आंधी-बारिश से टिन शेड उड़े बिजली बंद, जल संकट बढ़ा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

बुधवार की शाम को क्षेत्र में आए आंधी तूफान व बारिश से जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया, तहसील के कई ग्राम में पेड़ एवं बिजली के खंबे गिरने से गुरुवार को पूरे दिन लाइन बंद रहे, जिसके चलते ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ी। कई जगह टीन शेड भी उड़ गए।

आपको बता दें कि तहसील के ग्राम दुपचेरा में बुधवार को हुई तेज आंधी तूफान में बारिश से पेड़ एवं बिजली के पोल टूट गए, जिसके चलते पूरी रात भर लाइट बंद रही तो वही दूसरे दिन गुरुवार को भी पूरे दिन ग्रामीणों को बिना बिजली के दिन गुजारने पड़ी।

जिसके चलते ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ा, हालात ऐसे बने की गांव में ही जनरेटर के माध्यम से मोटर पंप को चालू कर पेयजल की समस्या को दूर किया गया। उल्लेख है कि बुधवार को तेज आंधी तूफान एवं बारिश से आम लोगों को परेशानी उठानी पड़ी, तो वही किसानों को भी परशानी उठानी पड़ी, क्योंकि कई किसान गमएँ के मौसम में धान की फसल ना लेकर वर्तमान समय में उड़द एवं मूंग की फसल लगाए हैं, जो की फसल पककर तैयार हो गई है, किंतु बार बार बेमौसम बारिश एवं आंधी तूफान से किसानों सहित लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है, ग्राम दुपचेरा में गुरुवार शाम तक विद्युत सुविधा बहाल नही हो सकी थी।

### पसौद में ट्रांसफार्मर खराब एक सप्ताह से जलसंकट

**लाटाबोड़।** गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पसौद के ग्रामीण मुंशीराम साहू खोरबाहरा यादव पन्ना लाल साहू ढाल सिंह गौतम प्रीतम साहू नर्सिंग साहू लखन साहू रत्तीराम साहू राकेश साहू पंच के बताया की पिछले एक सप्ताह से मोटर पंप की ट्रांसफार्मर खराब होने से वार्ड क्रमांक 8 9 व 10 के नागरिको क्रो को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है सरकारी पंप बंद गया है ट्रांसफार्मर ख़राब होने से पीने के पानी की किल्लत हो गई है ऐसे में नागरिको क्रो पास ही इस्थित एक नागरिक फूलसिंग सेन के घर से सुबह सुबह पिने की पानी लेने मजबूर है बिजली न होने से रात में ज्यादा दिक्कत होती है बिजली विभाग के अधिकारियों को इस समस्या से अवगत करा दिया गया है, लेकिन विभाग ने अब तक सुध नहीं ली है जिससे नागरिको क्रो भारी समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है वही इस सम्बन्ध में सिकोसा जेई चंद्रकुमार बघेल ने कहा ट्रांसफार्मर की खराबी क्रो जल्द सुधार किया जायेगा अगर सुधार नहीं होता है तो नये ट्रांसफार्मर लगाया जायेगा ताकि क्रो लोगो क्रो समस्याओ से ना जूझना ना पड़े।



# रजिस्ट्री सुधार के क्रियान्वयन व मॉनिटरिंग पर आज कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिला प्रशासन बालोद द्वारा पंजीयन विभाग अंतर्गत रजिस्ट्री के प्रमुख 10 सुधारों के क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग हेतु कार्यशाला एवं प्रशिक्षण का आयोजन बालोद विकासखण्ड के ग्राम देवारभाट स्थित चुरगियां मांगलिक प्रांगण में 23 मई को दोपहर 03 बजे आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांकेर लोकसभा के सांसद भोजराज नाग होंगे, विशिष्ट अतिथि डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अनिला भेड़िया, गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद, संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के विधायक संगीता सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, नगर पालिका बालोद के अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी सहित अन्य अतिथिगण उपस्थि रहेंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओपी. चौधरी के दिशा–निर्देशन में पंजीयन विभाग में अब तक के सबसे बड़े 10 क्रांतिकारी नीतियों का शुभांरभ किया जा रहा है। इस सुधारों का मुख्य उद्देश्य पंजीयन संबंधी सेवाओं को अधिक पारदशएँ, सरल एवं नागरिकों की सुविधा के अनुरूप बनाना है।

जिसके अंतर्गत फजएँ रजिस्ट्री रोकने के लिए आधार सत्यापन, ऑनलाईन रजिस्ट्री खोज डाउनलोड, ऑनलाईन भारमुक्त प्रमाण–पत्र, व्हॉट्सएप सेवाएं, डिजीलॉकर सेवाएं, स्टाम्प और रजिस्ट्री शुल्को का कैश लेश भुगतान, रजिस्ट्री दस्तावेजों का स्वतः निर्माण, घर बैठे रजिस्ट्री (पेपरलेस), ऑटो डीड जेनेरेशन, रजिस्ट्री के बाद स्वतः नामांतरण 10 क्रांतिकारी सुधार है। जिसके अंतर्गत पंजीयन विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ–साथ भूमि के क्रय–विक्रय से संबंधित स्टॉक होल्डर्स, दस्तावेज लेख एवं स्टाम्प वेंडर के साथ–साथ जमीन के व्यवसाय से संबंधित व्यवसायियों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# कांग्रेस ने जनपद सदस्य एवं पार्षदों का किया सम्मान 26 की रैली पर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुण्डरदेही

- ब्लाक कांग्रेस की बैठक में पार्टी को मजबूत करने की शपथ

ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही के अध्यक्ष भोजराज साहू के नेतृत्व में साहू सदन गुण्डरदेही में ब्लाक कांग्रेस कमेटी का विस्तारित बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के नवनियुक्त अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी एवं निवर्तमान अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर का गुण्डरदेही विधायक कुंवरसिंह निषाद एवं पीसीसी उपाध्यक्ष बीरेश ठाकुर सहित उपस्थित समस्त कांग्रेसजनों ने आत्मीय स्वागत सम्मान किया। बैठक में नवनिर्वाचित जनपद सदस्यों एवं पार्षदगणों का भी स्वागत सम्मान किया गया। स्वागत भाषण देते हुए भोजराज साहू ने कहा कि चंद्रेश हिरवानी जमीन से जुड़े हुए नेता हैं, संगठन में कार्य करने का लंबा अनुभव है, उनके नियुक्ति से हम सब मे नई ऊर्जा का संचार हुआ है, वही चंद्रप्रभा सुधाकर के कार्यकाल का स्मरण करते हुए उम्मीद जताई कि आगे भी उनका मार्गदर्शन मिलता रहेगा।

चंद्रेश हिरवानी ने संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के अपने दृढ़ संकल्प में सभी का सहयोग मांगा आगामी 26 मई को जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर सभा को सफल बनाने का आव्हान किया। पीसीसी उपाध्यक्ष बीरेश ठाकुर ने लोकसभा चुनाव में भरपूर समर्थन के लिए सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कुंवरसिंह निषाद ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला और मोदी की गारंटी और विष्णु का सुशासन का पोल खोलते हुए बोले कि युक्तियुक्तकरण के नाम पर स्कूल बंद किए जा रहे है और शराब दुकान खुलते जा रहे हैं साथ ही संविधान बचाओ रैली को अति महत्वपूर्ण बताते हुए जिला और विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम में सभी की सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है, बैठक का संचालन महामंत्री तामेश्वर देशमुख एवं आभार प्रदर्शन जनपद सदस्य आसिफ गहलोत ने किया।

बैठक में सोनादेवी देशलहरा, संजय साहू, डॉ नारायण साहू, केके राजू चंद्राकर, अश्वनी सोनकर, नुरुल्ला खान, संजय बारले, अंचल प्रकाश साहू, जोन अध्यक्ष सलीम खान, मानसिंह देशलहरा, रूपचंद जैन, सेक्टर प्रभारी अभिषेक यादव, डोमन देशमुख, पवन सिन्हा, निजानंद चंद्राकर, प्रीतम ठाकुर, अमृतानंद सिन्हा, नीलकंठ टंडन, तुलसी राम साहू, शिवकुमार साहू, लवकेश यदु, लिखन निषाद, गोपी राम साहू, दिनेश साहू, युवा कांग्रेस से रिजवान तिगाला, मनीष सेन, कुलेश्वर तिवारी, लोमन निषाद, पार्षद सलीम खान, पोषण निषाद, हेमलता ▸▸| शेष पेज 15 पर

# दल्लीराजरा व सांकरा क में आज समाधान शिविर

**बालोद/दल्लीराजहरा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं को राज्य के जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुँचाने शुरू की गई 'सुशासन तिहार 2025' के अंतर्गत तृतीय एवं अंतिम चरण में समाधान शिविरों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत शुक्रवार, 23 मई को नगर पालिका दल्लीराजरा के बीएसपी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 02 एवं बालोद विकासखण्ड के ग्राम सांकरा क के धान खरीदी केन्द्र के समीप 'समाधान शिविर' का आयोजन किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि नगर पालिका दल्लीराजहरा के समाधान शिविर में नगर पालिका दल्लीराजहरा के समस्त वार्डवासी समाधान शिविर में शामिल होंगे। इसी तरह बालोद विकासखण्ड के ग्राम सांकरा क में ग्राम मुजगहन, जगतरा, जामगांव बी. करहीभदर, कन्नेवाड़ा, परेंगुड़ा, सांकरा क. जमरूवा, देवारभाट, मटिया बी, मुल्लेगुड़ा, मालगांव, नर्रा, बरही, चिरईगोड़ी, हथौद के निवासी समाधान शिविर में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर का आयोजन निर्धारित तिथि को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक किया जाएगा।

# युवक को बंधक बनाकर की मारपीट पांच आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा



वार्ड क्रमांक 02 पंडरदल्ली में युवक को बंधक बनाकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया है। दल्लीराजहरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि पंडरदल्ली में खुशहाल नोन्हारे उर्फ सिन्नी के मकान में एक व्यक्ति बंद है, जिसकी आवाज बाहर सुनाई दे रही है।

पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गवाहों के समक्ष मकान की तलाशी ली गई। मकान के बाहर से दरवाजा बंद पाया गया, जिसे खोलने पर अंदर वरणदीप उर्फ करण, निवासी हॉस्पिटल सेक्टर मिला। पूछताछ में उसने बताया कि 20 मई की रात करीब 8 बजे मानपुर चौक से चार आरोपियों ने उसका अपहरण कर बालोद के गोंदली नहर किनारे ले जाकर लाठी-डंडों से मारपीट की। इसके बाद उसे पंडरदल्ली स्थित खुशहाल के मकान में बंधक बनाकर रखा गया। वरणदीप को काफी चोटें आईं, जिसका अस्पताल में इलाज कराया गया। डॉक्टरों ने गंभीर चोट की पुष्टि की। पीड़ित की लिखित शिकायत पर राजहरा थाना में अपराध क्रमांक 157/2025 धारा 140(4), 142, 296, 351(2), 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

जांच में सामने आया कि आरोपीगण – खुशहाल नोन्हारे (25), विशाल चतुर्वेदी उर्फ लक्की (22 ), सूरज पासवान (23 ), पंकज कश्यप (18 ) ने मिलकर वरणदीप का अपहरण किया और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के अनुसार, घटना का कारण खुशहाल की बहन श्रृंगार राव द्वारा विवाह का दबाव बनाना था। जब वरणदीप ने शादी से इनकार किया, तो श्रृंगार राव ने अपने भाई और उसके दोस्तों से मिलकर साजिश के तहत वरणदीप को बंधक बनाकर पिटवाया। घटना में संलिप्त होने पर श्रृंगार राव को भी 22 मई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

## पंजाब बॉर्डर पर तैनात डाकेश्वर दीवान का पैतृक गृह पहुंचने पर किया गया स्वागत

# बीएसएफ जवान दीवान ने कई आतंकी ठिकानों को नष्ट करने पर दिखाई वीरता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अर्जुंदा

- कारगिल युद्ध में सेना विंग एयर फोर्स कमांडर के रूप में अपनी सेवा दी

पंजाब बॉर्डर पर सेवा में तैनात ऑपरेशन सिंदूर के हिस्सा बने देश के बीएसएफ जवान डाकेश्वर दीवान ने अपने पैतृक ग्रह ग्राम कांदूल पहुंचने पर पत्रकार संघ के अध्यक्ष परसराम साहू, यूकेश चंद्राकर एवं आकाश यादव फूल माला से स्वागत वंदन अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अर्जुंदा मंत्री दानेश्वर प्रसाद साहू ने खास बातचीत में डाकेश्वर दीवान ने बताया वह 1995 से सेना देश की सेवा के लिए नौकरी पर गया। उन्होंने 2004 में कारगिल युद्ध के समय भी सेना विंग एयर फोर्स कमांडर के रूप में अपनी सेवा दी और आज उन्होंने पहलगाम निर्दोष पर्यटन वाले भारतीय मूल को मारने पर जो पंजाब बॉर्डर मैं हवालदार रूप में ड्यूटी करते हुए लगभग 6 के ग्रुप में बीएसएफ आमएँ के जवानों के साथ ड्यूटी में थे, उसमें से एक जवान जो कि बिहार का था उनका पैर में आतंकी हमले से टूट गया था, बाकी सभी जवान सही सलामत अपने गृह ग्राम पहुंचे, उक्त जानकारी डाकेश्वर दीवाने मुलाकात करने में बताया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य ओमेश्वर साहू, जनपद पंचायत गुंडरदेही जिला देवांगन समाज सह सचिव जीवनलाल देवांगन, शाला प्रबंधन अध्यक्ष वीरेंद्र देवगन, पूर्व ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष धन्नालाल साहू, सेवा सहकारी समिति प्राधिकृत अध्यक्ष प्रमोद साहू, भाजपा मंडल अर्जुंदा मंत्री दानेश्वर प्रसाद साहू, बूथ क्रमांक 129 के उपाध्यक्ष भीखाम साहू एवं वीर योद्धा डाकेश्वर साहू के पिता डोमार दीवान एवं उनकी पूरा परिवार उपस्थित थे।



### अदम्य साहस का परिचय दिया

जाबांज वीर बहादुर योद्धा डाकेश्वर दीवान इस युद्ध की घड़ी में कदम से कदम मिलाकर साहस का परिचय दिया, देश के लिए लड़ाई भारतीय सेना ने आतंकवादियों के आतंकी ठिकानों को नष्ट कर अपनी वीरता और अदम्य साहस का परिचय दिया। जिन आतंकवादियों ने इस देश की बेटियों की मांग का सिंदूर उजाड़ा था भारतीय सेना ने इस लड़ाई का थीम ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से उन आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर उन्हें बता दिया कि हमारे देश की बेटियों के सिंदूर की कीमत क्या होती है इससे पहले भी सुरक्षा कवच की तरह काम करती हमारे पुलिस बीएसएफ के जवान भारतीय सेना सुरक्षा कवच की तरह हमारी रक्षा करती है हमारे देश के सैनिक हमारी सुरक्षा के लिए अपनी जान देने से भी पीछे नहीं हटते वह दिन–रात कड़ी मेहनत परिश्रम और रात–रात जागरण कर भारतीय सेना हमारी सुरक्षा कर रही है तब तक कोई हमारे देश का बाल भी बांका नहीं कर सकता।

## खबर संक्षेप



### बोरी विद्यालय में समर कैंप का आयोजन

**दुर्ग।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बोरी में समर कैंप का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है। जिसमें बच्चों को शारीरिक, मानसिक, व्यवहारिक, व्यक्तित्व विकास के लिए जागरुक किया जा रहा है। इसी क्रम में कार्यक्रम के चौथे दिन जिला मिशन समन्वय एए समग्र शिक्षा सुरेंद्र पांडे द्वारा अवलोकन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा भी उपस्थित रहे। व्याख्यात पंडित राजेश शुक्ला ने कार्यक्रम मंत्रोच्चारण से प्रारंभ किया। योग कराया गया और जीवन में योग के महत्व बताए। पश्चात कठपुतली नृत्य, नाटक का प्रदर्शन कलाकार गोकुल चतुर्वेदी तथा लाल बाबू सिंह द्वारा किया गया। लोक कलाकार अजय उमरे द्वारा छत्तीसगढ़ लोक कला साहित्य, नाच आदि के विषय में जानकारी दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा दसवीं एवं 12वीं के प्रवीण्य सूची में स्थान बनाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष अरविंद पटेल, ग्राम पंचायत बोरी के सरपंच टिकेश्वर देशमुख, ज्ञान यादव, भोला पटेल, विद्यालय की शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रभारी प्राचार्य गुलनाज बानो ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### तारों पर झूलती झाड़ियों से बिजली गुल

**भिलाई।** टाउनशिप में बेमौस अंधड़ और बारिश के साथ बिजली के तारों पर झूलते पेड़ बिजली गुल होने का एक बड़ा कारण बने हुए हैं। सभी सेक्टरों में बिजली खंभों के किनारे जगह जगह झाड़ियां तारों के निकट हैं। जब कभी भी अंधड़ या तेज हवा व मूसलाधार वर्षा होत है तो डालियां तारों से टकराती रहती हैं। कई बार टूटकर तारों पर गिर जाती है। पंद्रह दिन पहले आए अंधड़ में दो सौ पेड़ गिर थे। क्षेत्रवासियों ने बताया कि महीनेभर बाद बारिश का मौसम आने वाला है तो बिजली गुल की समस्या और बढ़ जाएगी। तारों पर झूलने वाली झाड़ियों की छंटाई जरुरी है।

### महिलाओं ने माथे पर सिंदूर लगाकर हाथों में पकड़ा तिरंगा

**भिलाई।** नगर पालिक निगम रिसाली के तत्वावधान में महिलाओं ने बुधवार की शाम रैली निकाली। वे पहले एक दूसरे के माथे पर सिंदूर का तिलक लगाई। इसके बाद हाथों में तिरंगा लेकर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, आयुक्त नगर पालिक निगम रिसाली मोनिका वर्मा के नेतृत्व में रैली निकाली।महिलाओं ने रैली तिरंगा के सम्मान में निकाली। ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने पर दशहरा मैदान में महिलाओं ने आपस में सिंदूर का तिलक लगाइए। इसके बाद विधायक के नेतृत्व में रैली भारत माता के जयकारे लगाते हुए कृष्णा टाकीज रोड पहुंची। यहां से रोड भ्रमण करते हुए रैली वापस शहीद स्मारक स्थल पहुंची। जहां महिलाओं ने और वरिष्ठ नागरिकों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित किए।

## लापरवाही: ई-आक्शन के जरिए नीलामी के बाद भी तीनों जिलों में उठाव नहीं

# नीलामी के बाद भी संग्रहण केंद्र में खराब हो रहा 1857 करोड़ का धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य शासन द्वारा सोसायटियों में रखे धान को परिवहन के नाम पर लाखों रूपए की रकम खर्च कर इसे संग्रहण केन्द्र तक लाया गया। लेकिन इस करोडों रूपए के धान का अब तक निराकरण नही किए जाने के चलते यह बारिश में खराब होने की स्थिति में है। प्रदेश स्तर पर नीलामी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी संग्रहण केन्द्र में रखे एक दाना धान का उठाव नही होने से शासन की प्लानिंग फैल साबित हो रही है। यही कारण है कि, दुर्ग, बालोद और बेमेतरा जिले में रखे गए 59 लाख 90 हजार क्विंटल से अधिक के धान को बारिश के हवाले कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि, राज्य शासन द्वारा नागरिक आपूर्ति निगम और केन्द्र के एफसीआई कोटे में चावल जमा करने के बाद शेष बचे धान की आनलाइन नीलामी किए जाने का निर्णय लिया गया था। पिछले अप्रैल माह से आनलाइन नीलामी की प्रक्रिया शुरू होने के बाद प्रदेश में रखे करीब 35 लाख टन धान की नीलामी हो गई है। लेकिन मिलर उठाव के लिए रूचि नही दिखा रहे है। नीलामी के बाद भी उठाव नही किए जाने से राज्य शासन की चुनौती बन गई है। हालात यह है कि, मई के अंतिम सप्ताह में मानसून सक्रिय हो जाएगा। जबकि वर्तमान में लगातार बारिश का दौर चल रहा है। ऐसे में उठाव नही होने से धान बारिश से पहले ही खराब हो रहा है। समय रहते अगर शासन व प्रशासन धान का उठाव नही कराती है तो करोडों रूपए का नुकसान होने के आसार है।

**खास बातें**

- सेंट्रल पुल में चावल नही लेने के कारण नीलामी के हालात
- तीनों जिले में अठारह अरब का धान खुले आसमान के नीचे
- सोसायटी से परिवहन के नाम पर फूंके लाखों, अब फिर नुकसान

**मार्कफेड ने समय पर नहीं कराया उठाव, बारिश में खराब हो रहा धान**



### तीनों जिले में 18 अरब का धान डंप

जानकारी अनुसार जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के अधीन आने वाले दुर्ग जिले के संग्रहण केन्द्र में पांच लाख 64930 क्विंटल रखे हुए है, वही बेमेतरा जिले में 28 लाख 3 हजार 320 क्विंटल धान और बालोद जिले में 26 लाख 22 हजार क्विंटल का धान डंप है। इस तरह तीनों जिले में 59 लाख 90 हजार 430 क्विंटल धान सोसायटियों से लाने के बाद निराकरण नही हो पाया है। जिसकी जिम्मेदारी मार्कफेड की है। प्रति क्विंटल 31 रूपए में खरीदे के हिसाब से तीनों जिले में 18 अरब 57 करोड तीन लाख 33 हजार रूपए का धान भगवान भरोसे हैं।

### तकनीकी खामियों के कारण उठाव नहीं

राज्य स्तर से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रदेशभर के संग्रहण केन्द्रों में रखे गए धान की नीलामी हो चुकी है। जानकारी अनुसार प्रति बोरी में चालीस किलो धान रखे जाने का सेटअप संग्रहण केन्द्र के साफ्टवेयर में फीड किया गया है। लेकिन नीलामी के बाद जब मिलर धान उठाने पहुंच रहे है तो वहां प्रति बोरी में एक से डेढ किलो तक वजन में कमी आने से उठाव की पर्ची नही कट पा रही हैं। यह परेशान प्रदेशभर में बनी हुई है, जिसके चलते नीलामी की प्रक्रिया निपटने के बाद भी प्रदेश में करोडों रूपए का धान बारिश के नीचे रखा गया है।

### 31 सौ रूपए में खरीदी, बोली कौड़ी की लगी

जिसमें पुराने बारदाने में रखे धान को 19 सौ और नए बारदाने के धान के लिए 1950 रूपए क्विंटल तक की दर बोलीकर्ताओं ने लगाए है। यह दर राज्य शासन द्वारा निर्धारित किए गए थे। लेकिन बोली में इससे ज्यादा दर राज्य शासन को नही मिले है। सूत्रों ने बताया कि, राज्य शासन द्वारा गठित टीम द्वारा गहन समीक्षा किए जाने के बाद इसी दर पर उठाव के निर्देश भी दे दिए है। लेकिन अब तक उठाव नही हो सका है। दुर्ग, बालोद और बेमेतरा में ही 59 लाख क्विंटल से ज्यादा धान संग्रहण केन्द्र में डंप है।

### केन्द्र क्यों नहीं ले रहा धान

हमारी कांग्रेस सरकार छग के धान को केन्द्र के सेंट्रल पुल में लेने हर संभव प्रयास किया था। लेकिन अभी तो केन्द्र और राज्य में भाजपा की सरकार है, फिर केन्द्र क्यों नही ले रही हैं। आखिर नीलामी करने की नौबत आई और बारिश में धान खराब होने पर जवाबदेही किसकी होगी, भाजपा की नीति फेल हैं।

**-राजेन्द्र साहू,** महामंत्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी

## ओव्हर रेट में बिक रही शराब आबकारी अधिकारी को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

संभागीय डउनदस्ता की टीम की जांच में चौकाने वाले खुलासे सामने आए है। टीम द्वारा किए गए जांच में ओव्हर रेट में शराब बेचने और मनमाफिक ब्रांड की बिक्री होने के खुलासे हुआ है। यही नहीं जांच में पाया गया कि, कई बोतलों की ढक्कने में सील टुटी हुई पाई गई। ऐसे में मिलावट शराब बेचने के भी प्रकरण बनाए गए है। उडनदस्ता ने जांच रिपोर्ट राज्य सहायक आबकारी और आबकारी सचिव को सौंपी थी। अपराधिक प्रकरण की रिपोर्ट राज्य में सौंपे जाने के बाद दुर्ग के आबकारी अधिकारी सीआर साहु को नोटिस जारी किया गया है। मंगलवार को आबकारी सचिव व आयुक्त के निर्देश पर संभागीय उडनदस्ता प्रभारी नवीन तोमर ने अपनी टीम के साथ जांच किया था। टीम ने जिले के कई दुकानों की जांच की थी, जिसमें सिविक सेंटर, भिलाई तीन कंपोजिट विदेशी मदिरा दुकान और कई बार में भी जांच की थी। जिसमें सिविक सेंटर शराब दुकान में मिलावटी शराब पर अपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए है। यहां ओव्हर रेटिंग की शिकायत मिली थी, टीम को 1401 नंबर पर शिकायत मिली थी। जिसके बाद टीम ग्राहक बनकर दुकान पहुंची थी।

- आबकारी अधिकारी को नोटिस जारी

### आबकारी अधिकारी को जमकर फटकार

सूत्रों ने बताया कि, ओव्हर रेटिंग, मिलावट शराब और मनमानी ब्रांड की शराब बेचने का प्रकरण आबकारी सचिव व आयुक्त तक पहुंची। जिस पर उन्होने दुर्ग आबकारी सीआर साहू को नोटिस जारी कर जमकर फटकार लगाई हैं, वही कलेक्टर को भी ऐसे प्रकरण में विशेष ध्यान देने की नसीहत दी गई। जानकारी अनुसार जांच में पाया गया कि, दुकान में फ्रीजर में कमीशन वाले ब्रांड को ही रखा जाता था। वही स्टाक में भी गडबडी मिली है। इसके आलावा एक दूसरे दुकान से स्टाक ट्रांसफर कर बेचे जाने की जानकारी सामने आई हैं। बहरहाल अपराधिक प्रकरण राज्य शासन को भेजे गए है।

## 9वीं और 11वीं में अच्छे अंक लाने वाले विद्यार्थियों को मिलेंगे सवा लाख

**भिलाई।** प्रधानमंत्री यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत स्कूलों में पढ़ने वाले 9वीं और 11वीं के विद्यार्थियों को उन्हें मिले अंक के आधार पर सवा लाख रुपए तक की छात्रवृत्ति दी जाएगी। 9 वीं के विद्यार्थियों को 75 हजार और 11 वीं के विद्यार्थियों को 1.25 लाख रुपए की सालाना छात्रवृत्ति दी जाएगी। इसकी शुरुआत जून-जुलाई में होगी। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 8वी, 10वी के नतीजे भी जारी कर दिए हैं। ऐसे में कक्षा 9वीं और 11वीं में पहुंचने वाले ऐसे बच्चे, जिन्होंने अच्छे अंक हासिल किए हैं, लेकिन आगे की पढ़ाई रुपए की तंगी के चलते उनकी पढ़ाई प्रभावित हो सकती है, उनके लिए यह बेहतर अवसर है। आवेदन ऑनलाइन होंगे। इस स्कॉलरशिप के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी परीक्षा ले सकती है, या मेरिट के आधार पर चयन किया जा सकता है। ओबीसी, आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) और गैर-अधिसूचित उमीदवार पात्र होंगे। शासकीय और निजी स्कूल का बंधन नहीं है। परीक्षा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए कराएगी। ये परीक्षा पेन और पेपर मोड (ओएमआर ) पर आधारित होगी।

## सारी रात टाउनशिप में बिजली गुल से गुस्साए कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भारत पाक के बीच युद्ध खत्म हो हुए दस दिन बीत चुके हैं लेकिन बारिश अंधड़े के दौरान बीती मंगलवार रातभर पूरे टाउनशिप में ब्लैकआउट जैसी स्थिति क्यों रही। परेशान बीएसपी रहवासी कई बार बिजली विभाग को फोन किए पर घंटी बजती रही। कई कर्मचारी ड्यूटी नहीं जा पाए और घरों में बच्चे, महिलाएं व बीमार रातभर भूखे प्यासे अंधरेस,मच्छरों से कटवाते व उमस में राज जागकर बिताने मजबूर हुए।

मंगलवार को अंधड़ बारिश से टाउनशिप में रातभर बिजली गुल से गुस्साए बुधवार को नगर सेवएं प्रशासनिक कार्यालय पहुंचे रहवासी संयत्रकर्मी व जन प्रतिनिधी विभागीय कर्मियों व अधिकारियों पर जमकर बरसे। नगर निगम भिलाई के लोक स्वास्थ्य व स्वच्छता विभाग प्रभारी लक्ष्मीपति राजू के नेतृत्व में टाउनशिप के कई रहवासियों ने अधिकारियों से मिलकर सेक्टर 7 सहित टाउनशिप में रातभर बिजली गुल होने पर रोष जताते हुए लोगों व कर्मियों की परेशानी से अवगत कराया। भीड़ में साथ आए कई लोगों को भवन के नीचे ही रोक लिया गया सिर्फ पार्षद के साथ 7-8 लोगों को चर्चा के लिए बुलाया। नीचे लोग कर्मियों को रात भर अपनी परेशानी व ऊपर लक्ष्मीपति राजू के साथ अधिकारियों को शाम 6 बजे से दूसरे दिन सुबह 9 बजे तक बिजली गुल होने से अंधेरे में मच्छरों व उमस के बीच परेशानी बताई। कहा बिजली वाले किसी भी व्यक्ति ने फोन रिसीव नहीं किया। राहत दिलाएं।



- पार्षद लक्ष्मीपति राजू के साथ पहुंचे एस्टेट आफिस, कहा सेक्टर 7 में बदलें पुराने तार व खराब ट्रांसफार्मर

### पुराने तारों व ट्रांसफार्मरों को बदलने की मांग

सीजीएम के नाम सौंप ज्ञापन में लक्ष्मीपति राजू ने बताया कि सेक्टर 7 में बिजली गुल लो वोल्टेज रोज की समस्या है। तीन घंटे कटौती के दौरान कोई भी बिजली आपूर्ति की उम्मीद नहीं करता लेकिन अघोषित बिजली गुल मुहिम से रात खाने की मेज पर आधा व अधपका खाना खाकर ही कर्मियों को मिल रहा है और न आराम मिलता है और न उमस से बचाव। कम वोल्टेज से लैंप, ट्यूब व बिजली के अन्य उपकरण घरों के खराब हो रहे हैं और पंखे भी ठीक से हवा नहीं दे रहे हैं। आपके कार्यालय में कई बार शिकायत के बाद अब तक स्थाई समाधान नहीं मिला है। जब दूसरे इलाके में बिजली आती है, तब भी सेक्टर 7 में घंटों अंधेरा क्यों रहता है। जिन तारों से हमारे इलाके में बिजली आती है वे पुराने व घिस चुके हैं। ट्रांसफार्मर भी पुराने व खराब हो चुके हैं। पुराने तारों व ट्रांसफार्मरों को जल्द बदला जाए। ज्ञापन देने चर्चा के दौरान स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू के साथ विनोद शुक्ला, अब्दुल, सुनील कोहले, रामाराव, अमरदीप सिंह आदि उपस्थित थे। इसके अलावा अलग से दोपहर पहुंचे लोगों ने कहा कि सेक्टर पांच में बिजली बहुत कम गुल होती है। गुल होने के पांच दस मिनट में आ जाती है। क्योंकि यहां सांसद, विधायक और महापौर का निवास होने से प्रबंधन पर दबाव रहता है। फिर रात 4.30 बजे सेक्टर 6, 4 बजे सेक्टर 1,2,3 व सुबह 6 बजे बिजली आने वाले सेक्टर 8, 7, व दस के साथ भेदभाव क्यों हो रहा है।

## 24 घंटे में अतिक्रमण हटाने नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत महा सफाई अभियान महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन में शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने वित्त प्रभारी नरेंद्र बंजारे, स्वास्थ्य प्रभारी नीलेश अग्रवाल, नोडल स्वास्थ्य अधिकारी मोहेंद्र साहू, मण्डल अध्यक्ष कमलेश फेकर के साथ राजीव नगर क्षेत्र, नया पारा, तालाब क्षेत्र सहित वार्ड के विभिन्न गलियों के वार्ड 2 का निरीक्षण किया। सड़क की सफाई व नाली, नाला की सफाई बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क की सफाई व नाली सफाई कामों का निरीक्षण किया। इस दौरान कमिश्नर ने सफाई कर्मचारियों से बात की। उनकी समस्याओं को समझा। प्रभारी नीलेश अग्रवाल ने कहा बारिश के पहले सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नालियों की नियमित सफाई करने कहा तुरंत कूड़ा कचरा को उठाने की बात कही। उन्होंने कचरा निस्तारण की उचित व्यवस्था करने चेताया। इसके अलावा स्थानीय नागरिकों से भी बातचीत कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना।



## पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन शुरू

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 के लिए आवेदन ऑनलाईन पोर्टल में 31 जुलाई तक लिए जाएंगे। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित कराने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किया जाता है। उक्त पुरस्कार के लिए जो बच्चे बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण के क्षेत्र में असाधारण पहचान हासिल की है तथा कला एवं संस्कृति और नवाचार जो राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता के पात्र है।

## मेधावी छात्र विराज यादव का किया सम्मान

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज ठेठवार यादव समाज युवा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में 96.8 प्रतिशत अंकों के साथ प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विराज यादव को शाल, श्रीफल, मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया।

वे प्रमोद यादव एवं किरण यादव के पुत्र हैं। प्रमोद यादव ने बताया कि विराज शुरू से ही मेधावी है। पढ़ाई के लिए कभी फोर्स करने की आवश्यकता नहीं पड़ी। 10वीं में भी 95.4% अंकों से प्रावीण्य में रहा।



भाई प्रखर यादव ने बताया कि विराज जेईई मेन्स में अच्छे रैंक पर है। एनआईआईटी में सीएस ब्रांच में आगे की पढ़ाई करने का इच्छुक है। आईआईटी एग्जाम में भी उम्मीद है, पर अभी रिजल्ट नहीं आया है। आईटी सेक्टर में विराज की रूचि है। बास्केटबॉल उनकी हॉबी है। विराज ने अपनी सफलता का मूल मंत्र सोशल मीडिया, मोबाइल, टीवी, सिनेमा से दूर रहकर प्रतिदिन 6 घंटे स्व अध्ययन को बताया है। विराज ने अपनी उपलब्धि का श्रेय शिक्षक लोकेश कुमार (गणित), राहुल दुबे (गणित ), अभिमन्यु कुमार एवं धीरेंद्र कुमार (आईआईटीयंस) और माता-पिता का दिया है। इस अवसर पर समाज के सत्येंद्र यादव, बिरेन्द्र कुमार यदु, सूर्यकांत यादव, राजू यादव, जयेंद्र यादव, आशीष यादव, प्रवीण यदु मौजूद थे।

## कायस्थ सामाजिक भवन के सामने अवैध कब्जा हटाने सुशासन तिहार में दिया आवेदन

**भिलाई।** कायस्थ सामाजिक भवन के पास झोपड़ी बनाकर अतिक्रमण किया गया है। बार-बार कहने के बाद भी इसे नहीं हटाया जा रहा।

इसे लेकर कायस्थ समाज का प्रतिनिधि मंडल सुशासन तिहार के अंतर्गत लगाए गए शिविर में पहुंचा। झाड़ूराम देवांगन शासकीय आत्मानंद स्कूल जीई रोड में आयोजित शिविर में सामाजिक प्रतिनिधियों ने वस्तु स्थिति की जानकारी दी। इस दौरान कायस्थ सभा से अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, सचिव सुमित श्रीवास्तव, सांस्कृतिक सचिव प्रशांत श्रीवास्तव, सहयोगी सदस्य प्रशांत बक्शी, महिला विंग से अराधना खरे, पूनम श्रीवास्तव, रश्मि सुधीर श्रीवास्तव, युवा सदस्य अक्षत श्रीवास्तव, दिव्यांश खरे सहित अन्य उपस्थित थे। प्रशांस श्रीवास्तव ने बताया कि अतिक्रमण की वजह से सामाजिक भवन में होने वाली सामाजिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

## केमिकलयुक्त पानी के मुद्दे में हो निष्पक्ष जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर निगम भिलाई के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने उपमुख्यमंत्री और नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव से मुलाकात की। उन्होंने निगम के भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। दया सिंह ने कहा कि जिस प्रकार शासन अलग-अलग विभागों के इंजीनियरों को अनियमितता के आरोप में निलंबित कर रही है, उसी तरह भिलाई निगम के भ्रष्ट अफसरों की भी छुट्टी की जाए। उन्होंने छावनी के कैमिकल युक्त पानी की निष्पक्ष जांच कराने की मांग दोबारा की। दया सिंह ने बताया की औद्योगिक क्षेत्र छावनी और खुर्सीपार में कैमिकल युक्त पानी आ रहा है।

भू-जल में उद्योगपतियों ने इतना कैमिकल मिला दिया है कि बोरिंग और ट्यूबवेल से कैमिकल युक्त पानी आ रहा है। पर्यावरण विभाग और निगम प्रशासन जांच के नाम पर सालों से खानापूर्ति कर रहे हैं। आम जनता की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। प्रशासनिक महकमा इस पूरे मामले में लीपापोती में जुटा हुआ है। उन्होंने पिछली सरकार में गौठान में केचुआ खाद बनाने के नाम पर अनियमिता की भी जानकारी दी। बताया कि लाखों रुपए खर्च किए, पर एक किलो खाद नहीं बना और अब नेहरू नगर के ग्रीन लैंड की जमीन पर केचुआ खाद बनाने 1 करोड़ फिर से खर्च कर रहे हैं। नेहरू नगर का गार्डन जिसे 2 करोड़ में बनाया गया, अफसरों ने उसे पूरा उजाड़ दिया। जबकि यह ग्रीन लैंड की जमीन है। पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह जी ने योग, राशि मुद्रा और ओपन जिम गार्डन का लोकार्पण किया था। शहर की बड़ी-बड़ी संस्थानों ने सालों से ना जलकर दिया है और न ही संपत्तिकर। 400 से ज्यादा उद्योगपति, 100 से मैरिज हॉल, होटल और व्यवसायिक काम्प्लेक्स के संचालक टैक्स चोरी कर निगम को चुना लगा रहे हैं।



- ननि मंत्री से निगम व्याप्त अनियमितता की शिकायत की भी की

## कनिष्ठ सहायक की भर्ती परीक्षा में 600 अभ्यर्थी हुए शामिल



**भिलाई।** आईआईटी भिलाई में कनिष्ठ सहायक की भर्ती के लिए प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में लगभग 600 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। आईआईटी भिलाई की स्थापना से छत्तीसगढ़ राज्य में कई रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। प्रशासन द्वारा लिखित परीक्षा के सफल संचालन एवं आयोजन तथा विधि व्यवस्था हेतु कई तैयारियां की गई। गर्भवती महिलाओं एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए गंतव्य तक पहुंचने हेतु ई-रिक्शा की व्यवस्था की गई। प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थियों को लेकर निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश ने कहा कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह, दुष्प्रचार से दिग्भ्रमित न हो। प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षा में अपना सर्वश्रेष्ठ दें। परीक्षा संबंधी किसी प्रकार की जानकारी के लिए संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन करें।

## दुर्ग के पूर्व माध्यमिक शालाओं से 133 चयनित

# स्कॉलरशिप परीक्षा में प्रावीण्य सूची में आलबरस का छात्र तुनीर जिले में प्रथम व राज्य में पांचवें स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग जिला शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों ने स्कालशिप परीक्षा में भी डंका बजाया है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित सत्र 2024-25 में राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में दुर्ग जिले के 239 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। खास उपलब्धि यह भी रही कि इसमें दुर्ग ब्लॉक के सबसे ज्यादा 133 विद्यार्थी चयनित हुए हैं। जारी प्रावीण्य सूची में आलबरस स्कूल के छात्र तुनीर साहू जिले में प्रथम व राज्य में पांचवा स्थान प्राप्त किया है।

### जिले से 2029 विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण

सीजीबीएसई द्वारा जारी चयन सूची में जिला दुर्ग से पूर्व माध्यमिक शालाओं से परीक्षा में शामिल 4258 में से 2029 बच्चे उत्तीर्ण हुए है। सेजस बालाजीनगर खुर्सीपार से एक ही स्कूल में सबसे ज्यादा 20 विद्यार्थी चयनित किए गए हैं। प्राचार्य सुरेश हैं। इस परीक्षा की तैयारी हेतु जून माह से ही जिला शिक्षा अधिकारी निर्देशन एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गोविंद साव के मार्गदर्शन में विकासखण्ड स्तरीय कार्यशाला आयोजित किया गया जिसमें जिला नोडल पवन सिंह एवं विकासखण्ड नोडल पोषण मारकण्डे ने समस्त प्रभारी शिक्षकों को परीक्षा की महत्वपूर्ण बिंदुओं कर विस्तृत जानकारी दी। जिला नोडल पवन सिंह द्वारा विभिन्न संकुल के बच्चों को साप्ताहिक कार्यशाला आयोजित कर परीक्षा की बारीकियों को बताया । शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में शिक्षा का स्तर सुधरा है।

### चयनित हर विद्यार्थी को मिलेंगे 12 हजार रुपए

इस परीक्षा को मई 2008 में सीसीईए से अनुमति प्राप्त करने के बाद प्रारंभ हुई, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के मेधावी छात्रों को आठवीं कक्षा में उनके ड्राप आउट से रोकना और माध्यमिक स्तर पर अध्ययन जारी रखते हुए उन्हें प्रोत्साहित कर छात्रवृत्ति प्रदान करना था । योजनांतर्गत चयनित प्रत्येक विद्यार्थी को प्रतिवर्ष 12 हजार रुपए प्रदान की जाती है । इस योजना में शासकीय, सरकारी प्राप्त एवं स्थानीय निकाय स्कूलों में अध्ययन के लिए कक्षा नवमीं से बारहवीं तक उनकी निरन्तरता एवं नवीनीकरण सुनिश्चित किया गया।

## खबर संक्षेप

### समाधान शिविरों की संशोधिक तिथि जारी

**बालोद।** जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम पटेली एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कुरदी में आयोजित समाधान शिविरों की तिथि को संशोधित किया गया है। जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि संशोधित तिथि अनुसार अब ग्राम पंचायत पटेली में आयोजित शिविर की तिथि को 26 मई को संशोधित कर 28 मई को कर दी गई है। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कुरदी में 24 मई को आयोजित होने वाले समाधान शिविर की तिथि को संशोधित कर 31 मई कर दी गई है।

### महिला के ऊपर गिरा पेड़, मौत

**निकुम।** बुधवार को तेज आंधी व तूफान आने से एक महिला चपेट में आ गई। हादसे में महिला के ऊपर पेड़ गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। अंडा पुलिस ने बताया कि निकुम भाठापारा में आंगनबाड़ी केन्द्र 2 की सहायिका रामेश्वरी साहू की आंधी तुफान के चपेट में आने से मौत हो गई। तेज रफ्तार में पेड़ महिला के ऊपर गिर गया। घटना शाम 6.30 बजे की है। रोज की भांति महिला बाबा धाम भोलेबाबा मंदिर भाठापारा निकुम तालाब में पूजा करने गई थी। शिव मंदिर में आरती के दौरान अचानक मौसम बदला और रामेश्वरी के ऊपप एक पेड जा गिरा। वह नीलगिरी का पेड़ था अचानक टूट कर महिला के सिर पर आ गिरा। शव को पीएम के लिए पुलिस ने भेज दिया है। घटना की खबर लगते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### लोन के नाम पर ठगी

**भिलाई।** लोन दिलाने के नाम पर महिलाओं से लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत महिलाओं ने एसएसपी विजय अग्रवाल से की है। मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार की दोपहर 20-25 की संख्या में महिलाओं का समूह दुर्ग पहुंचा था। वे सभी सुपेला निवासी है, आरोप है कि मंजू सोनी नामक महिला ने लोन दिलाने का झांसा देकर जब लोन पास हुआ तो उनकी रकम को हड़प लिया है।

### बस की डिक्की से दो लाख का गांजा जब्त

**भिलाई।** बस की डिक्की से अवैध रुप से गांजा तस्करी करने वाले अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। डिक्की से 21 किलो ग्राम गांजा जब्त किया गया। जिसकी कीमत 2 लाख 10 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने गांजा को दुर्ग बस स्टैंड के यात्री प्रतीक्षालय के पास खड़ी बस से बरामद किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मंगलवार को सूचना मिलने पर बस स्टैंड के यात्री प्रतीक्षालय के पास खड़ी बस ओडी 08-9792 की डिक्की में ब्राउन और बैगनी कलर के दो ट्रॉली सूटकेस में संदिग्ध सामान मिले। पद्मनाभपुर पुलिस मौके पर पहुंची और डिक्की की तलाशी लेने पर दो ट्रॉली बैग मिला जिसमें ब्राउन टेप में पैक किए गए 12 पैकेट गांजा जब्त किया गया। गांजा तस्करी करने वाले अज्ञात है।

### तालपुरी के पारिजात अपार्टमेंट में फिर पुलिस की दबिश

**भिलाई।** अवैध कामों के कारण चर्चे में आने वाले तालपुरी में बुधवार की सुबह अचानक पहुंचे पुलिस से लोगों में सुनसनी फैल गई। मिली जानकारी के मुताबिक तालपुरी बी ब्लॉक के पारिजात एपार्टमेंट में टीम दबिश देने पहुंची थी। लेकिन यहां से किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई। एसएसपी विजय अग्रवाल के आदेश पर यह कार्रवाई करीब दो घंटे चली। सुबह-सुबह पुलिस वाहनों के काफिले के मैनगेट से प्रवेश करने से कॉलोनी में हड़कंप मच गया। घबराए लोगों ने जब मौके पर मौजूद पुलिस से इस बारे में जानना चाहा, तो पुलिस ने रुटीन चेकिंग करने की बात बताई। इससे पहले पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद इस कॉलोनी में भी पाकिस्तानियों और रोहिंग्या मुसलमानों की खोजबीन की गई थी। यहां चार थाना क्षेत्रों उतई, भिलाई नगर, पद्मनाभपुर, खुर्सीपार, एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट,छत्तीसगढ़ आर्म्स फोर्स की संयुक्त कार्रवाई थी।

---

राशन, श्रम, मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति पत्र

# कोटागांव शिविर में 3426 आवेदनों का परीक्षण कर समाधान किया सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद





सुशासन तिहार के तीसरे एवं अंतिम चरण के अंतर्गत जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कोटागांव में समाधान शिविर मे कलस्टर में शामिल ग्राम पंचायतों के ग्राम कोटागांव के अलावा ग्राम आडेझर, सल्हाईटोला, खैरवाही, कामता, कुमुड़कट्टा, नलकसा, कोपेडेरा, चिखली, साल्हे, धोतिमटोला, नर्राटोला के निवासी शामिल हुए।

सुशासन तिहार के अवसर पर डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कोटागांव में आयोजित समाधान शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष मुकेश कौड़ो, उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम, नगर पंचायत उपाध्यक्ष संजीव मानकर, चंद्रलेखा पायला, जनपद सदस्य शिवगिरी चुरेन्द्र, साधना सोरी, रत्ना हिरवानी, कुलदीप साहू, ग्राम पंचायत कोटागांव के सरपंच अर्चना मरकाम सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा ग्रामीणजन उपस्थित थे।

आज डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कोटागांव में आयोजित समाधान शिविर के दौरान विभिन्न विभाग के अधिकारियों के द्वारा सुशासन तिहार के पहले चरण के दौरान कोटागांव कलस्टर के अंतर्गत कृषि विभाग को 98, क्रेडा विभाग को 44, विद्युत विभाग को 121, जनपद पंचायत डौण्डी को 1472, परिवहन विभाग को 169, तहसील डौण्डी को 407, पशु चिकित्सा विभाग को 42, महिला एवं बाल विकास विभाग को 406 एवं श्रम विभाग को 171 सहित कुल 3426 आवेदन मिलने की जानकारी दी गई।

#### 11 पंचायत के ग्रामीण पहुंचे

सुशासन तिहार के पहले चरण के कोटागांव कलस्टर में शामिल 11 ग्राम पंचायतों के लोगों के द्वारा प्रस्तुत किए गए 3426 आवेदनों का परीक्षण के उपरांत संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया। आज जिले के शिविरों में हितग्राहियों को सुशासन तिहार के दौरान बनाए गए उनका राशन कार्ड, श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति पत्र, किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के अलावा उन्नत किस्म के धान बीज, कीटनाशक दवाई, खाद बीज के वितरण के अलावा समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धजनों को छड़ी एवं श्रवण यंत्र आदि के अलावा मछली पालन विभाग द्वारा हितग्राहियों को आईस बॉक्स एवं मछली जाल प्रदान किया गया। इसके अलावा शिविर में अनेक हितग्राहीमूलक योनजाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम स्थल में पौधरोपण भी किया।

---

# भागवत कथा सुनकर परीक्षित की तरह अपना जीवन धन्य करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडी



■ देवी भागवत पर देव कृष्ण शर्मा का प्रवचन जारी

संपूर्ण संसार शक्ति से ही संचालित है संसार में शक्तिमान की पूजा होती है निशक्त सदैव निंदनीय होता है उक्त बातें सांस्कृतिक भवन में झा परिवार द्वारा डौंडी नगर में आयोजित देवी भागवत कथा में शक्ति वाले कथा व्यास पंडित देव कृष्ण शर्मा ने कही।

कथा के प्रथम दिवस महात्म कथा का वर्णन करते हुए कथा वक्ता आचार्य श्री ने कहा की प्रथम दिवस कथा में महिमा गायी जाती है क्योंकि कथा की महिमा को जब तक हम ना समझे तब तक कथा का प्रभाव हमें समझ में नहीं आने वाली है, क्योंकि संसार में नियम है कि जिसे हम जानते नहीं उसे हम मानते नहीं। इसलिए प्रथम दिवस में कथा को पहले जाना जाए।

प्रथम दिवस में आचार्य द्वारा भगवान श्री कृष्ण के जीवन में देवी चरित्र का प्रभाव की कथा का वाचन किया गया, साथ ही यह भी बताया कि सिर्फ मनुष्य ही नहीं अपितु देवताओं को भी जब कष्ट आता है तो वह भी भगवती अंबे मैया की शरण में ही जाते हैं । यह देवी भागवत महापुराण बहुत ही दुर्लभ पुराण है और बहुत ही कम देवी भागवत कथा सुनने को मिलता है । जिस तरह से राजा परीक्षित ने अपने जीवन के अंतिम सात दिवस में भागवत कथा सुनकर अपने जीवन को धन्य किया उसी प्रकार राजा परीक्षित के पुत्र जनमेजय ने भी देवी भागवत की कथा व्यास जी के मुखारविंद से सुना। यह कथा 27 में तक जारी रहेगी।कथा के प्रथम दिवस में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नागजी , जिला पंचायत बालोद की अध्यक्ष श्रीमती तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर जी,जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ों, भाजपा मंडल अध्यक्ष रूपेश नायक सहित जनपद पंचायत सदस्य गण एवं नगरवासी झा परिवार द्वारा आयोजित कथा को श्रवण करने बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। आयोजक झा परिवार द्वारा कथा श्रवण करने के लिए अधिक से अधिक संख्या में लोगों को कथा श्रवण हेतु कथा स्थल में पहुंचने की अपील किया गया है।

---

# शिक्षक बनने 22 हजार ने दी परीक्षा आसान सवाल से खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



शहर में आयोजित प्री-बीएड, प्री-डीएलएड परीक्षा में कई केन्द्रों के बाहर पिता बच्चों को संभालते दिखे। जिलेभर में 22 हजार 772 परीक्षार्थियों के लिए आयोजित हुई इस परीक्षा में कई मार्मिक दृश्य नजर आए। कुछ परीक्षा केन्द्रों के बाहर अपने दुधमुंहे बच्चे को लेकर पहुंची माताएं उन्हें पिता के पास रोता छोड़कर परीक्षा केन्द्र के भीतर पहुंची। इधर बच्चे को पिता लगभग ढाई घंटे तक बहलाते रहे।

शिक्षक बनने की चाहत लिए हजारों युवाओं ने प्री-बीएड और प्री-डीएलएड की परीक्षा दी। इसके लिए जिले में 53 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। पहली पाली में सुबह 10 बजे से 12.15 बजे तक प्री-बीएड की परीक्षा आयोजित हुए। वहीं दोपहर 2 बजे से 4.15 बजे तक प्री-बीएलएड की परीक्षा संपन्न हुई। शिक्षक बनने के लिए आयोजित हुई इस परीक्षा में युवाओं का खासा उत्साह नजर आया। परीक्षा को लेकर खासकर युवतियों और महिलाओं ने अपनी खासी तैयारी की हुई थी। इस परीक्षा को लेकर महिलाओं में खासी रूचि रहती है।

---

# संभागीय गोंड़वाना समाज का गठन आठ को किया जाएगा

**बालोद।** गोण्डवाना समाज संभाग मोहला के संभागीय पदाधिकारियों का गठन कार्यक्रम रविवार 08 जून को बालोद जिले के विकासखण्ड मुख्यालय डौण्डी के गोण्डवाना भवन में आयोजित किया गया है। उल्लेखनीय है कि डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम लिम्हाटोला में 19 से 21 मई तक आयोजित तीन दिवसीय महासभा के अंतिम दिन 21 मई को अत्यधिक बारिश हो जाने के वजह से संभागीय पदाधिकारियों के गठन प्रक्रिया को संपन्न नही किया जा सका। जिसके फलस्वरूप कार्यक्रम में उपस्थित सभी समाज प्रमुखों एवं समाज के लोगों के द्वारा सर्वसम्मति से रविवार 08 जून को महासभा के मुख्य कमिटी के अलावा महिला प्रभाग, युवा प्रभाग एवं अधिकारी–कर्मचारी प्रकोष्ठ का गठन करने का निर्णय लिया गया है। समाज प्रमुखों ने समाज के सभी वर्ग के लोगों को रविवार 08 जून को गोण्डवाना भवन डौण्डी में सुबह 11 बजे उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

---

# गायत्री शक्तिपीठ का शिविर 26 से आयोजन किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशानुसार भारत के सभी ब्लाक मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसके तहत गुरुर में शिविर समापन के बाद बालोद गायत्री शक्तिपीठ में 26 मई से शिविर का आयोजन किया जाएगा।

बालोद गायत्री शक्तिपीठ में 25द्व प्रशिक्षाथएँ के आने की संभावना है, इसके लिए संपर्क किया जा रहा है। 5 दिनों के प्रशिक्षण में योग, प्राणायाम, ध्यान, व्यक्तित्व निर्माण के सूत्र, स्मरण शक्ति बढ़ाने के वैज्ञानिक उपाय, कर्मकांड ,विभिन्न संस्कार, गायत्री महाविज्ञान पर चर्चा, जीवन के लक्ष्य, कैरियर निर्माण, नादयोग, ब्रह्मचर्य साधना, व्यसन से बचाए सृजन में लगाए, जीवन में सफलता के धफली बजाना प्रज्ञा गीत, देश में युवा संगठन निर्माण तथा अनेक जान और शिक्षा प्रद विषय में बताया जाएगा।

यह शिविर बाहर गांव वालों के लिए रहने, भोजन, नाश्ता, प्रज्ञा पेय की व्यवस्था की जाएगी। इसी प्रकार नगर वासियों के युवा वर्ग के लिए प्रतिदिन व्यवस्था रहेगी यह शिविर निशुल्क आयोजित किया जा रहा है ताकि युवा वर्ग स्वयं, परिवार और राष्ट्र हित में कम कर सके।

उपरोक्त विषयों पर लोहारा गुरुर बालोद के प्रशिक्षक मार्ग दर्शन देगे। मिलन सिन्हा, वीरेंद्र साहू, मुकेश साहू, रेणुका साहू, दुष्यंत कुमार कोलियर, कमल साव तथा जिला स्तर के प्रमुख अधिकारी मौजूद रहेंगे। दशरथ कलिहारी, लोचन साहू, मुकेश साहू ने मीटिंग में उपरोक्त जानकारी दिया। गायत्री परिवार ट्रस्ट ने युवाओं से अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर में आकर शिक्षा प्रद विषय को सिख सकते है गायत्री मंदिर में आकर पंजीयन करा सकते है।मीडिया प्रभारी आर पी यादव ने जानकारी दिया।

इस प्रशिक्षण में 10 वीं क्लास से 12 वीं तथा कॉलेज स्तर के विद्याथएँ विशेश रूप से भाग ले सकते है, उनसे आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर में भाग लेकर समय का सदुपयोग और ज्ञान अर्जित करें।

---

# आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों में रासायनिक खाद की मारामारी



**डौंडीलोहारा।** जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम ने बताया कि वनांचल क्षेत्रों के विभिन्न समितियों में रासायनिक खाद और बीज की कमियों के वजह से किसानो के चेहरों पर मायुसी छाई हुई है, 15 दिनों बाद बरिश लगने वाली है किसान अपने खेतों की साफ-सफाई कर बारिश के इंतजार में हैं लेकिन समितियों में अभी तक खाद की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं हुआ है, कोड़ेकसा, भवरमरा, रेंगाडबरी, खैरकट्टा कमकापार, मंगचुआ, गैंजी, लोहारा, संबलपुर, बड़गांव समितियों में खाद बीज की किल्लत का सामना करना पड़ा रहा है, किसानों का रोज फोन काल आ रहा है नोडल अधिकारी बालोद सी आर रावटे ने बताया कि सभी समितियों के प्रबंधकों को जानकारी दे दी गई है कि रेक प्वाइंट बालोद में यूरिया पहुंच चुका है,जगतरा के गोदामों में डंपिंग होने के बाद सभी समितियों की परमिट जमा हो गई है, दो चार दिन में पहुंचना शुरू हो जाएगा। सरकार से खाद बीज की तत्काल मुहैय्या कराने की मांग की है ताकि किसान भाइयों को बारिश के पूर्व खाद बीज मिल सके। विधायक प्रतिनिधि गोविंद चंन्द्राकर ने कहा कि सभी समितियों में खाद और बीज की समस्या है सरकार से चाहते हैं कि किसान भाइयों को किसी भी चीज की कमी नहीं होनी चाहिए केसीसी ऋण खाद और बीज बारिश होने से पहले सभी किसान भाइयों को वितरण करें।

---

# राष्ट्रीय छात्रवृत्ति के लिए सिवनी के 3 छात्रों काचयन



**डौडीलोहारा।** शा.पू.मा.शा. सिवनी, संकुल-भरदा (लो.)वि.ख डौडी लोहारा, से राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य परीक्षा में तीन छात्र छात्राओं कु.वर्षा, कु.काजल एवं सुमित कुमार का चयन हुआ है इन बच्चों को कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं तक शासन द्वारा 1000/-(एक हजार रूपये )प्रतिमाह छात्रवृत्ति प्रदान किया जायेगा I बच्चों के इस उपलब्धि पर शाला के प्रधान पाठक रमेश कुमार गजभिये, संकुल समन्वयक अशोक टंडन, शिक्षाविद डॉ. सिन्हा, श्रीमती सुनीता तारम (सरपंच ),श्रीमती सुनीता भुआर्य(smc अध्यक्ष ), श्रीमती उत्तरा साहू प्रधानपाठक (प्रा. शा.)कोकिला जी, देहारी जी, चंद्र कुमार पटेल जी तथा विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं सहित बधाई प्रेषित किया गया।

---

# श्री शिव-पार्वती विवाह व श्री राम जन्मोत्सव कथा रसपान कराया : आर्या त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में पांच दिवसीय 20 से 24 मई तक संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथा व्यास पूज्या आर्या त्रिपाठी (बटूराकछार) द्वारा कथा तृतीय दिवस श्री शिव-पार्वती विवाह एवं श्री राम जन्मोत्सव कथा रसपान ग्रामीणों व भक्तजनों को कराया गया। आर्या त्रिपाठी ने राम कथा के माध्यम से बताया कि एक बार भगवान शिव और माता सती दोनों अगत्स्य ऋषि के पास कथा सुनने के लिए गए अगत्स्य ऋषि ने माता सती और भगवान शिव को देखा कितने भाव में आ गए, दिव्या आसन पर बिठाकर पूजा करने लगें। जब ऋषि अगस्त्य कथा के वक्त होकर भगवान और माता का पूजन करने लगे, तो माता सती ने सोचा, की लगता है इनका ज्ञान हमारे ज्ञान से कम है। छोटे हैं तभी तो हमारी पूजा कर रहे हैं। माता सती कहने लगी बाबा भी कहां-कहां लेकर आ जाते हैं। यह कौन सी कथा सुनाएंगे यहां पर ध्यान दीजिए सुनने से पहले श्रद्धा समाप्त हो गई। कथा समाप्त हो गई माता बैठी रही कुछ सुना नहीं। सुना किसने सुनी महेस परम सुखु मानी॥ बाबा की कथा सुनी परम आनंद में आए राम की भक्ति का वरदान दक्षिणा में दिया और चल दिए। त्रेता युग का समय है राम अवतार ले चुके हैं। जिस दंडकारण्य में बाबा कथा सुनाने आए थे, इस दंडकारण्य में सीता राम जी और लक्ष्मण जी रहते हैं। जब बाबा आकाश मार्ग से जा रहे थे, तो भगवान की लीला पृथ्वी पर चल रही थी। बाबा ने सोचा कथा सुनकर कान तो धन्य कर लिए, अब आंख भी धन्य कर लेता हूँ। बाबा ने रघुनाथ को दिखा संभु समय तेहि रामहि देखा। उपजा हियं अति हरषु बिसेषा॥ जैसे ही शंकर भगवान को राम जी दिखाई पड़े बाबा कहने लगे सच्चिदानंद भगवान आपकी जय हो जय जयकार करके चले।

---

## पेज 13 के शेष

### बेमौसम बारिश से फसल कटाई ...

लिए महंगे दामो पर चैन वाले हार्वेस्टर फसल कटाई के लिए उपयोग मे लाना पड़ रहा है। **चेन हार्वेस्टर से कटाई महंगी हुई :** जहां पहिये वाले हार्वेस्टर 1800 से 25 सौ तक मे एक एकड़ की कटाई कर देता है वही चैन वाले हार्वेस्टर 3000 से 3500 तक का खर्च मात्र एक घंटे की कटाई के लिए किसानो को चुकाना पड़ रहा है, ऐसे मे चैन वाले हार्वेस्टर के माध्यम से एक एकड़ की फसल कटाई पर दो घंटे से भी ज्यादा समय लग जा रहा है जिसके कारण किसानो को प्रति एकड़ फसल कटाई मे 7000 हजार से भी ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ रहा है जिसके कारण किसान सोचने को मजबूर है कि इतनी मेहनत के बाद उनके लिए क्या बचेगा।

### कांग्रेस ने जनपद सदस्य एवं ...

सोनी, जनपद सदस्य रामेश्वर चंद्राकर, दीपक साहू, रीना देशमुख, ममता सेन, पूर्णिमा साहू, रोहित सागर, देवेंद्र साहू, बलराम गुप्ता, प्रतापचन्द जैन, मोजीराम साहू, लालू सोनकर, श्रीराम ठाकुर सहित बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित थे।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री सूजान सिंह आ. आत्माराम जाति कंवर निवासी आरबीरा पोस्ट मुसराकला तह डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छत्तीसगढ़) ने विक्रेता मलेश कुमार सिवना आ. बल्देवराम जाति हल्बा निवासी, ग्राम मूढ़खुसरा पो. भीमकन्हार तह मारींबंगला देवरी जिला बालोद ने अपने मालिकाना हक व स्वामित्व की कासत्कारी भूमि खसरा नं 311 रकबा 0.84 हे कृषि भूमि उक्ता सौदा कर बयाने पेटे बड़ी रकम लेकर इकरारनामा निष्पादित कर दिया हैं। जिस पर विक्रेता के पुत्र ० पत्नी की सहमति हैं, सौदा शुदा भूमि का केवल विक्रय विलेख के निष्पादन की औपचारिकताये शेष हैं।

उपरोक्त संव्यवहार के संबंध में किसी व्यक्ति, व्यक्तियों की संस्था, बैंक, वित्तीय निकाये, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्थान को किसी भी प्रकार का उजर दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालीन पते पर प्रस्तुत कर देवे समयावधि उपरांत की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और विक्रय विलेख का पंजीयन कर दिया जावेगा सो सूचना जाने।

दिनांकः 21-05-2025

**विनोद कुमार शुक्ला**
(अधिवक्ता)
पूर्व अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ राजनांदगाँव ब्राह्मण पारा, गांधी चौक, राजनांदगाँव
मोः- 9424126898

---

गांवों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में जुटे प्रदेश के उपमुख्मंत्री : वीरेन्द्र साहू

# बिरकोना में विकास एवं निर्माण कार्यों का किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूजःकवर्धा



जिले के विधानसभा कवर्धा अंतर्गत ग्राम बिरकोना में कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से स्वीकृत विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यो का गुरूवार को विधिवत भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का श्री गणेश किया गया। इस भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक डॉ सियाराम साहू, पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, जिला पंचायत वीरेन्द्र साहू, ग्राम सरपंच मनोज साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा ग्राम बिरकोना में 5.00 लाख रूपए की लागत से निर्मित होने वाले अटल डिजिटल सेवा केन्द्र भवन तथा 5.00 लाख की लागत से निर्मित होने वाली सीसी रोड का भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम में उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक डॉ सियाराम साहू ने कहा कि भाजपा शासनकाल में ग्रामीण क्षेत्रों का समुचित विकास हो रहा है। उन्होने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि ग्राम बिरकोना में अटल डिजिटल सेवा केन्द्र भवन का निर्माण किया जा रहा है। इस भवन के निर्मित हो जाने से यहां के ग्रामीणों को सभी प्रकार की डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध हो जाएंगी। उन्हें अटल डिजिटल सेवा केन्द्र से मिलने वाली बैंकिंग सेवाएं, नगद निकासी और जमा, धन अंतरण, बिल भुगतान बिजली और पानी के बिलों का भुगतान, सरकारी योजनाओं का लाभ पेंशन, बीमा, महतारी वंदन योजना, पीएम किसान निधि जैसी योजनाओं के लाभ, प्रमाण पत्र सेवाओं के तहत जन्म, मृत्यु, आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र, शैक्षिक योजनाओं के लिए आवेदन, रेलवे टिकट बुकिंग, यात्रा टिकट की बुकिंग आदि डिजिटल सुविधाओं के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मोतीराम चन्द्रवंशी ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में बीते पांच वर्षो से जो विकास एवं निर्माण कार्यो को रोककर रखा गया था अब उनमें तेजी से कार्य हो रहा है। भाजपा की सरकार शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण और वनांचलों में लगातार विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदान कर लोगों को सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। कार्यक्रम में उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सभापति वीरेन्द्र साहू ने कहा कि कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में लगातार प्रयासरत हैं, जो अब क्षेत्र के ग्रामों में दिखाई भी देने लगे हैं। गांवों में सड़क, बिजली, पानी, उपयोगी भवन आदि की स्वीकृति लगातार दी जा रही है और उनका भूमिपूजन तथा लोकार्पण कर ग्रामीणों को सौंपा जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### बालोदगहन के उपसरपंच के निधन पर दी सहायता



**गुरूर।** ग्राम पंचायत बालोदगहन के उपसरपंच शत्रुघन धुरव की तबियत दो माह से ख़राब होने के वजह से देहांत हो गया। मौके पर उनके निवास में जाकर सरपंच भगवानदास मुरचूलिया, सचिव हितेश साहू, पंच राहुल मसीह, पामेश्वरी साहू व अन्य पंचो के साथ उनके पत्नी शोक सम्पित परिवार को ढ़ाढस बांधया गया व सरपंच द्वारा उनके पत्नी को 2000 रुपये संतवाना के रूप में दिया गया।

### कोटागांव शिविर में गोवर्धन को मिली किसान किताब



**बालोद।** सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर कोटागांव में किसान किताब की द्वितीय प्रति मिलने पर किसान गोवर्धन ने प्रसन्नता व्यक्त की है। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आज डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कोटागांव में आयोजित समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में पहुंचे ग्राम धोतिमटोला के किसान गोवर्धन हल्बा ने बताया कि उनका पहले जो किसान किताब था, वह बहुत पुराना होने के कारण उसे उपयोग में नहीं ला पा रहे थे, जिससे बहुत कठिनायों का सामना करना पड़ रहा था। नया किसान किताब बनाने के लिए काफी समय से सोंच रहे थे, लेकिन नहीं बनवा पा रहा था। गोवर्धन ने बताया कि सुशासन तिहार की जानकारी गांव में मुनादी द्वारा मिलने पर उन्होने पंचायत में जाकर नया किसान किताब बनाने के लिए आवेदन किया और आज उन्हें समाधान शिविर में निःशुल्क नया किसान किताब मिल गया। नया किसान किताब के लिए किसी प्रकार की राशि भी नहीं लगा है। गोवर्धन ने कहा कि सुशासन तिहार बहुत मददगार साबित हुआ है। उन्होंने सुशासन तिहार आयोजन करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। किसान गोवर्धन ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर सभी किसानों के लिए बहुत अच्छा है। उनके आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया है। इसके साथ ही विभिन्न विभागों से बहुत सारी योजनाओं की जानकारी मिली है।

### तीस हजार के सोना-चांदी के जेवरात पार

**भिलाई।** मकान के आलमारी से सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

---

**आयोजन**

छत्तीसगढ़ के अलावा महाराष्ट्र के गढ़चिरौली एवं गोंदिया के लोग भी शामिल हुए

# गोंड़वाना समाज की महासभा में रेला, हुलकी मांदरी और गोंड़ी गीतों की दी शानदार प्रस्तुति







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/डौंडी

जिले के ग्राम आवारी (लिम्हाटोला) स्कूल मैदान में गोण्डवाना समाज संभाग मोहला का तीन दिवसीय पंचवषऍय अंतर्राज्यीय महासभा का आयोजन किया गया। महासभा 19 से 21 मई तक आयोजित था। इस तीन दिवसीय आयोजन में गोण्डवाना समाज संभाग मोहला के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के अलावा महाराष्ट्र राज्य के गढ़चिरौली एवं गोंदिया जिले से समाजिग गण पहुंचे थे।

- गोण्डवाना संस्कृति विश्व की सर्वश्रेष्ठ एवं उत्कृष्ट संस्कृति : भोजराज नाग

समारोह स्थल में बुढ़ा देव, आंगा देव सहित गोंडवाना समाज के ईष्ट देवी–देवताओं की स्थापना की गई थी। प्रतिदिन गोंड़ियन पद्धति से ईष्ट देवी–देवताओं की पूजा–अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके अलावा समारोह में गोंडवाना संस्कृति को प्रतिबिंबित करती रेला, हुलकी, मांदरी आदि सभी गोंडी गीत, संस्कृति एवं परंपराओं की सुमधुर प्रस्तुति भी दी गई। इस आयोजन में गोण्डवाना समाज के प्रदेश अध्यक्ष अकबर राम कोर्राम, गोण्डवाना समाज संभाग मोहला के संभागीय अध्यक्ष नरेन्द्र नेताम, सेवानिवृत्त डीआईजी डीआर आचला, संभागीय पूर्व सचिव पूर्णानंद नेताम, अधिकारी–कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष चंद्रेश ठाकुर, सचिव कुमार कोरेटी सहित अन्य समाज प्रमुखों के अलावा जनपद अध्यक्ष डौण्डी मुकेश कौड़ो, जनपद अध्यक्ष मोहला मानपुर गेंदकुंवर ठाकुर, जनपद उपाध्यक्ष डौण्डी भोलाराम नेताम, जिला पंचायत सदस्य मिथलेश नरोटी, नीलिमा श्याम सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा ब्लॉक अध्यक्ष डौण्डी आत्माराम कौड़ो, ब्लॉक अध्यक्ष ईस्तारी महाराष्ट्र बाबूराव हिड़को, कोटगुल महाराष्ट्र गोविंद टेकाम, छुरिया डोंगरगढ़ दिनेश कोरेटी, मोहला पदुमसिंह तोप्पा, अंबागढ़ चौकी छबिलाल वट्टी, डौण्डीलोहारा अजित कचलाम सहित मानसाय बोगा, मानपुर ब्लॉक के कोषाध्यक्ष मनहरण लाल कुंजाम, कुलेश्वर हिचामी, गोण्डवाना खबर के संपादक जीवराखन लाल उसारे, संभागीय ऑडिटर ओम प्रकाश कोड़ापे, लखन सोरी, मन्ने सिंह मण्डावी, पुरूषोत्तम मण्डावी, डौण्डी ब्लॉक के सचिव चंद्रभान सिंह घावड़े, कोषाध्यक्ष जैस मण्डावी एवं अन्य समाज प्रमुखों के अलावा विशाल संख्या में छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र राज्य के गोण्डवाना समाज के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम मे भोजराज नाग ने कहा गोण्डवाना संस्कृति विश्व की सर्वश्रेष्ठ एवं उत्कृष्ट संस्कृति है। इस अवसर पर उन्होंने गोण्डवाना समाज संभाग मोहला को सांसद निधि से 10 लाख रूपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की। छत्तीसगढ़ औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम ने गोण्डवाना समाज एवं संस्कृति की विशेषता एवं महत्ता पर प्रकाश डालते हुए समाज के ऐतिहासिक पहलुओं पर प्रकाश डाला।



### सामाजिक रीति-रिवाज, नेग व दस्तूर पर किया विचार-विमर्श

उन्होंने वर्तमान समय के अनुरूप एवं समसायिक परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए सामाजिक रीति–रिवाज, नेंग, दस्तूर, समाज में लागू करने के संबंध में गहन विचार मंथन कर उपयुक्त सुझावों को सर्वसम्मति से लागू भी किया गया। समाज प्रमुखों एवं सामाजिक जनों ने समाज के लोगों को महासभा में पारित किए गए नियमों का पूरी निष्ठा के साथ पालन करने की अपील भी की। उल्लेखनीय है कि आयोजन के समापन अवसर पर बुधवार 21 मई को तेज बारिश होने के कारण महासभा के संभागीय पदाधिकारियों का निर्वाचन कार्य संपन्न नही हो सका।

### विधायक निधि से समाज को 10 लाख देने की घोषणा

विधायक मोहला–मानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इन्द्रशाह मण्डावी ने समाज के विकास के लिए शिक्षा संगठन एवं मद्य निषेध को आवश्यक बताया। उन्होंने विधायक निधि से गोण्डवाना समाज संभाग मोहला को 10 लाख रूपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की। संभागीय अध्यक्ष नरेन्द्र नेताम ने समाज के लोगों को एकता के सूत्र में आबद्ध होकर समाज को शसक्त एवं विकसित बनाने में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह ने गोण्डवाना समाज संभाग मोहला के भवन के विस्तार हेतु 20 लाख रुपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की। नगर पंचायत लोहारा के अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम ने गोण्डवाना संस—ति को अत्यंत वैभवशाली बताते हुए इसे अक्क्षुण बनाए रखने तथा इनके संरक्षण एवं संवर्धन हेतु निरंतर कार्य करने की अपील की। लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम ने गोण्डवाना भवन डौण्डी के विस्तार हेतु 50 हजार रुपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की।

### सर्वांगीण विकास के लिए भूमिका निभाने की अपील की

संभागीय सलाहकार हीरेसिंह घावड़े ने समाज के प्रभुत्व एवं जागरूक लोगों के अलावा सभी वर्ग के लोगों को समाज को शिक्षित, सबल, सक्षम एवं संस्कारी बनाने के अलावा समाज के सर्वांगीण विकास हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील की। कार्यक्रम को संभागीय संरक्षक सुरेश दुग्गा, मोहन हिड़को, जगत सलामे, महासचिव तुकाराम कोर्राम, तुलसी राम मरकाम,एवं अन्य सामाजिक प्रमुखों ने भी संबोधित किया। सभी समाज प्रमुखों और वक्ताओं ने समाज के लोगों और नवोदित पीढ़ी से समाज के संस—ति को अक्क्षुण बनाए रखते हुए नई पीढ़ी को निरंतर इसकी महत्व की जानकारी देने की अपील की। सभी समाज प्रमुखों ने नई पीढ़ी को शिक्षित ज्ञानवान तथा संस्कारी बनाने का अनुरोध भी किया। इसके अलावा उन्होंने समाज के विकास के लिए शिक्षा को रीढ़ एवं मेरूदंड बताते हुए नई पीढ़ी को उच्च शिक्षित एवं ज्ञानवान बनाने हेतु ठोस रणनीति बनाकर कार्य करने तथा कुरीतियों से दूर रहने की भी अपील की। समाज प्रमुखों ने समाज के विकास के लिए समाज को संगठित करने के अलावा व्यापार व्यवसाय में भागीदारी को भी अत्यंत आवश्यक बताया। इसके अलावा उन्होंने निरंतर सजग रहकर अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिए संघर्ष करने की भी अपील की।

---

# परसदा सड़क नवीनीकरण के लिए जनप्रतिनिधियों ने अफसर से चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



डंगनिया से परसदा रेलवे चौकी तक के सड़क जो की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बना था जिनकी स्थिति काफी जर्जर है उनके नवीनीकरण के लिए पूर्व विधायक बीरेंद्र साहू ,जनपद पंचायत के अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर व भाजपा मंडल ओटबंद के अध्यक्ष कुलदीप साहू ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के संभाग कार्यालय कुरूद में संभाग प्रमुख व अधीक्षण अभियंता से इस विषय पर मुलाकात कर चर्चा की तथा रोड के तत्काल नवीनीकरण हेतु मांग किया गया इस पर संभाग प्रमुख ने प्राथमिकता से इस कार्य को शामिल किया तथा जून जुलाई में बजट आते ही इस कार्य को तत्काल पूर्ण करने का आश्वासन दिया, इस पर क्षेत्र के सरपंचगण श्रीमती सत्यवती साहू परसदा, इंद्रजीत चंद्राकर सिरसिदा, हेमंत साहू अर्जुनी, रामेश्वरी चंद्राकर गोरकापार व सभी क्षेत्र वासियो ने आभार जताया।





### आवागमन सुगम होगा

इस पर पूर्व विधायक बीरेंद्र साहू ने कहा कि इस क्षेत्र की जनता विगत 5 वर्षो से इस मांग को कर रहे थे बनने पर आवागमन सुगम होगा सभी क्षेत्रवासियों को बहुत बधाई।

### राहत मिलेगी

जनपद अध्यक्ष पुरषोत्तम लाल चंद्राकर ने कहा कि यह सड़क बनने से ओटेबन्द मंदिर व बैंक आने जाने वालों को तथा सिरसिदा गोरकापार के निवासियों को गुंडरदेही, अर्जुन्दा, व दुर्ग जाने में सुविधा होगी।

### विद्यार्थियों को हो रही असुविधा

मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू ने कहा कि परसदा में धान खरीदी केंद्र है जिसमे अर्जुनी सिरसिदा के किसान आते है तथा हाइस्कूल के बच्चों को भी आने जाने में सुविधा होगा।

---

# गुंडरदेही सुशासन शिविर में 1146 आवेदनों का निराकरण, आयुष्मान व राशनकार्ड बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर पंचायत गुण्डरदेही में सुशासन तिहार में 199 मांग एवं 30 अन्य आवेदन प्राप्त हुए थे। 22 मई को नगर पंचायत के सामुदायिक भवन मे हुए समाधान शिविर मे 169 आवेदनों का निराकरण किया गया, साथ ही अन्य विभाग जिसमें राजस्व विभाग 762 मांग 5 शिकायत, महिला बाल विकास को 119 मांग 12 शिकायत इसी तरह खाद्य विभाग को 4, कृषि विभाग को 1, श्रम विभाग को 3, शिक्षा विभाग को 3, पशुपालन विभाग को 3, परिवहन विभाग को 1 ,मत्स्य विभाग को 1, स्वास्थ्य विभाग को 5, आबकारी विभाग को 2, व्यापारियों एवं उद्योग विभाग को 3, वन विभाग को 1, जल संसाधन विभाग को 2, इस प्रकार कुल 1146 आवेदन प्राप्त हुआ था। जिसमें ज्यादातर आवेदनों का निराकरण किया गया। समाधान शिविर मे महिलाओं को पोषण कीट एवं बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार किया गया, नगर पंचायत के द्वारा 6 हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 4 आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया, मत्स्य विभाग द्वारा मछली जाल एवं आईस बॉक्स प्रदान किया गया। कृषि विभाग के द्वारा धान का बीज और 3 नैनो यूरिया का वितरण किया गया। ज्यादातर आवेदन भूमिहीन कृषि मजदूर एवं महतारी वंदन योजना से संबंधित था, महिला बाल विकास अधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा महतारी वंदन का पोर्टल खोला जाएगा तब महतारी वंदन का आवेदन पात्र हितग्राही कर सकते है।

- महतारी वंदन का पोर्टल खोला जाएगा : महिला बाल विकास अधिकारी
- जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई





### शिविर में 75 प्रतिशत आवेदनों का किया निराकरण

नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने बताया कि सुशासन तिहार के माध्यम से प्राप्त आवेदनों में 75 प्रतिशत आवेदन का निराकरण किया जा चुका है, बाकी बचे आवेदनों का निराकरण भी जल्द से जल्द किया जाएगा, उन्होंने बताया कि आम जनता से सभी विभाग के अधिकारी सीधे संवाद करके निराकरण कर रहे है, साथ ही अधिकारियों के द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। जिससे आम जनता को इसका सीधा लाभ मिलेगा, जैन ने आगे बताया कि हमने पेयजल की गंभीर समस्या को देखते हुए 3 बोर कराए है 12 सौ मीटर पाइप लाइन बिछाकर नल से पानी सभी वार्डों में पहुंच रहे है। तीन टैंकर से रोज पानी की सप्लाई कर रहे है, लगातार नालियों की सफाई की जा रही है, धीरे धीरे हम नगर पंचायत गुण्डरदेही को स्मार्ट सिटी बनाने की ओर बढ़ेंगे और गुण्डरदेही का चौमुखी विकास करेंगे।

पूर्व विधायक राजेंद्र राय ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार आम जनता के हित में निरंतर कार्य कर रही है, पुर्व विधायक वीरेंद्र साहू ने कहा कि सुशासन की अवधारणा को हमारी भाजपा की सरकार कर रही है, सुशासन तिहार के माध्यम से आम जनता की सारी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

कार्यक्रम में गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, पूर्व विधायक राजेंद्र राय वीरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष विजय सोनकर, जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, अश्विनी यादव, जिला भाजपा उपाध्यक्ष नरेश यदु, मंडल अध्यक्ष युवराज मारकंडे, अर्जुन्दा मंडल अध्यक्ष जीतू विश्वास गुप्ता, ओटेबंध कुलदीप साहू, केके राजु चन्द्राकर आसीफ गलहोत थानसिंह मंडावी, श्रीकांत वर्मा, टोमन साहू, नगर पंचायत पार्षद पोषण निषाद, हरीश निषाद, संतोष नेताम, लोकेश्वरी शंकर यादव, रामबती सोनकर, हेमंत सोनकर, रुखसाना तिगाला, सलीम खान, हेमलता सोनी, पूजा बिनझेकर, शैल महोबिया, फैज बख्श, सेवक महिपाल, रोम लाल यादव एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

---

# कच्ची शराब बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आबकारी विभाग द्वारा थाना बालोद क्षेत्र के अंतर्गत आरोपी ईतवारी राम के पास से कुल 10 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 50 कि.ग्रा. महुआ लाहन जब्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59 (क) के तहत प्रकरण कायम कर आरोपी का जेल निरुद्ध किया गया है। थाना रनचिरई क्षेत्र के अंतर्गत रूपेश कुमार मण्डावी के पास से 7.20 लीटर देशी मदिरा जब्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59 (क) के तहत प्रकरण कायम कर आरोपी का जेल निरुद्ध किया गया है।

इसी तरह 20 मई को थाना बालोद के अंतर्गत आरोपी तरूण कुमार के पास से कुल 6.30 लीटर देशी शराब जप्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59 (क) के तहत प्रकरण कायम कर आरोपी का जेल निरुद्ध किया गया है। इस प्रकार कुल 03 प्रकरणों में 13.5 देशी एवं 10 लीटर कच्ची महुआ शराब कुल 23.5 लीटर शराब एवं 50 कि.ग्रा. महुआ लाहन को जप्त किया गया।

जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि 01 अप्रैल 2025 से 21 मई 2025 तक 233 जगहों में अवैध मदिरा के विक्रय, धारण, निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं अवैध रुप से मद्यपान की सुविधा उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक स्थल पर मदिरापान करने वालों के विरुध्द अभियान चलाकर कुल 112 अपराधिक प्रकरण कायम किया गया है। जिसमें कुल 196.16 लीटर अवैध शराब एवं 02 दोपहिया वाहन तथा 01 सायकल जप्त की गई है एवं मदिरा दुकानों से संलग्न अहाता संचालकों के विरुध्द कुल 07 विभागीय प्रकरण कायम किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यवाही आबकारी उपनिरीक्षक आशाराम शाक्य, आबकारी उपनिरीक्षक अतुल देवांगन, आबकारी उपनिरीक्षक जागेश्वर सिंह दाऊ एवं आबकारी उपनिरीक्षक रोशन लाल बंजारे द्वारा की गई।



---

ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में जिपं, जनपद अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों और सरपंचों का किया सम्मान

# राजयोग जीवन जीने की कला और प्रतिकूलता में अनुकूलता सिखाती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर


प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुरूर के तत्वाधान में नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों, जनपद सदस्यों अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सरपंच गणों का सम्मान कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि राजयोगिनी ब्रह्मा कुमारिज धमतरी जिला मुख्य संचालिका बीके सरिता दीदी थी।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। बीके सरिता दीदी ने दिव्य वक्तव्य देते हुए कहा की सभी अपनी दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी व जिम्मेदारी से निभाए, हमारे व्यवहार व संस्कार ही लोगो की दिलो में लंबे समय तक जीवित रहते है, इसलिए सदा अच्छे कर्म ही करे, हमारे कारण किसी को दुख ना पहुंचे, इसका सदैव ध्यान रखें, इन सबके लिए आध्यात्मिक होना भी जरूरी हैं। राजयोग हमें जीवन जीने की कला सिखाता है, विपरीत परिस्थिति में खुश कैसे रहें, जिसके लिए ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में जरूर प्रवेश लेवे व 7 दिवसीय कोर्स निःशुल्क कर सकते हैं। अन्य अतिथियो ने अपने विचार रखे। जिसमे मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत बालोद चद्रिरका गंजीर, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू थे। वि"ाश अतिथि उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर दुर्गानंद साहू, सभापति जनपद पंचायत गुरूर नरेश मदन साहू, सभापति जनपद पंचायत गुरूर डॉ हरिकृष्ण गंजीर, सभापति जनपद पंचायत गुरूर संध्या अजेन्द्र साहू, सभापति जनपद पंचायत गुरूर दिने"वरी फागु राम सिन्हा, सभापति जनपद पंचायत गुरूर लता लक्ष्मीचंद साहू, सभापति जनपद पंचायत गुरूर तारादेवी ताम्रध्वज यादव, सभापति जनपद पंचायत गुरूर हेमंत कुमार गुरूपंच, सरपंच ग्राम पंचायत कंवर बालचंद टंडन, सरपंच ग्राम पंचायत पेडरवानी त्रिलोकी राम साहू, सरपंच ग्राम पंचायत अकलवारा उत्तरा मरकाम, सरपंच ग्राम पंचायत बालोदगहन भगवान दास मरचुरिया, सरपंच ग्राम पंचायत कनेरी दिने"वरी पन्ना लाल सिन्हा, सरपंच ग्राम पंचायत मिर्रीटोला हीरामणी सोनगेरवा, सरपंच ग्राम पंचायत डांडेसरा टोमन लाल सोनबोईर सहित अन्य सरपंच उपस्थित थे।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
03 जून, 22 जुलाई, 12 अगस्त, 09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411